संपादकीय

तेल की महंगाई, सेहत की फिक्र

यह ऐतिहासिक और दुर्लभ क्षण है जब डीजल के दाम दो अंकों के सीमित दायरे से बाहर निकल कर तीन अंकों के आंकड़ों को प्राप्त हुए हैं। पेट्रोल इस बात से बेहद खुश है कि यह उपलब्धि वह पहले ही अर्जित कर चुका है। देर सवेर ही सही मगर डीजल को भी शतक लगाने का अवसर तो मिला। हमारे लोकतंत्र की यह सबसे बड़ी खूबी है कि यहां डीजल को भी पेट्रोल की बराबरी के अवसर मिलते हैं। अब तेल चाहे खाने का हो या गाड़ी चलाने का हो, दोनों ही आम आदमी की पहुंच से बाहर हैं। इतनी महंगाई में भी तेल भरवाते हुए यदि किसी के चेहरे पर मुस्कान है तब तो वह आदमी आम नहीं है या फिर वह गाड़ी सरकारी है।

सात दशकों में हमें तो पिछड़ेपन की इतनी आदत हो गई थी कि ऐसा विकास हमने कभी देखा ही नहीं था। इतने विकास की हमें क्या, हमारे पेट्रोल पंपों की मशीनों को भी आदत नहीं थी। कई मशीनें तो बेचारी तीन अंकों की खुशी के मारे सदमे में ही चली गईं। उनमें दहाई से तिहाई का फॉर्मूला सेट कराने के लिए तकनीशियन बुलवाने पड़े। पानी से, हवा से, गोबर से गाड़ी चलेगी जैसी खबरों से अच्छे दिन की तरह विश्वास उठता जा रहा है। एक बाइक पर दो सवारी का होना सामान्य घटना है, अब तीन नजर आने पर यह खुद की अर्थव्यवस्था के अनुकूल किंतु देश की इकोनॉमी की विरोधी घटना मानी जायेगी।

अब कार से शॉपिंग करने आने पर डीजल फ्री जैसे ऑफर लुभा सकते हैं। प्रसिद्ध हस्ती के जन्मदिन पर फल, फूल के स्थान पर सरसों के तेल से तोला जैसी खबर यश वृद्धि में सहायक होगी। चुनावों में मतदान वाली रात बोतल में नव प्रयोग भी हो सकता है। इलेक्शन मेनिफेस्टो में मुफ्त वाहन का स्थान मुफ्त पेट्रोल ले लेगा। डाकघरों में तेल बचत योजना के खाते और बैंकों में वाहन ऋण के स्थान पर ईंधन लोन योजना समय की मांग है। अजी! वाहन तो हम खरीद लेंगे, आप बस डीजल फाइनेंस करवा दीजिये, जैसी बातें लोन के लिए आने वाले फोन पर सुनी जा सकेंगी। इतना ही नहीं, फुल टैंक करवाने वालों के यहां आयकर के छापे और अविवाहितों के लिए रिश्ते भी आ सकते हैं। अब से मॉल में सरसों तेल का डिब्बा खरीदने पर मैनेजर खुद कार तक छोड़ने आएंगे। पुलिस अब गाड़ी चोर को कम और डीजल चोरों को अधिक पकड़ेगी। एक समय पेट्रोल के दाम बढ़ने के विरोध में बैलगाड़ी निकल जाया करती थी। अब यह रस्म अदायगी भी मृत्यु भोज की तरह समाज से बंद हो चुकी है। महंगाई पर बात करना आउटडेटेड हो गया है। अब इस पर बात करने में संकोच, झिझक और शर्म महसूस होती है। इस दौर में भी सबसे आशावादी वही है जो तेल के दाम बढ़ने के सौ लाभ गिना सके। न्यूज एंकर की भाषा में यह कदम मास्टर स्ट्रोक या स्वास्थ्य के लिए उठाया दूरदर्शी कदम हो सकता है।

- सौरभ जैन

दलहनों के साथ दालों के भाव में घटबढ़

इंदौर। स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में मांग के साथ सप्ताहांत दलहन जिन्सों में घटबढ़ हुई। चना, मसूर महंगा तथा मूंग, उड़द सस्ता होकर बिका। दलहनों के साथ दालों के भाव भी ऊपर.नीचे हुए। रवा. मैदा महंगा बिका। सप्ताहांत चना कांटा 5125 से 5150 रुपये खुलने के बाद सप्ताहांत 5200 से 5225 रुपये प्रति क्विंटल होकर बंद हुआ। मूंग 6400 से 6450 रुपये पर खुलने के बाद नीचे में 5800 रुपये बिकी। हालांकि सप्ताहांत इसके भाव 6200 से 6300 रुपये बोले गए।

कारोबार के प्रथम दिन जो तुअर 6000 से 7000 रुपये बिकी वह शनिवार को ऊपर.नीचे होने के बाद 6000 से 7000 रुपये प्रति क्विंटल बिकी। उड़द 7000 से 7300 के स्तर पर खुलकर 7000 से 7200 रुपये प्रति क्विंटल बोली गई। मसूर 6300 से 6350 रुपये के स्तर पर खुलने के बाद 6375 से 6400 रुपये प्रति क्विंटल बिकी।

दालों में मांग होने से मिश्रित रंगत दर्ज की गई। सप्ताहांत चना दाल महंगी बिकी वहीं तुअर दालए मूंग दाल तथा उड़द दाल के भाव 100 से 150 रुपये ऊपर.नीचे हुए। चावल तथा पोहा में ग्राहकी सामान्य बनी रही। रवाए मैदा के साथ गेहूं आटा के भाव ऊंचे बोले गए।

मूंगफली तेल, सोयाबीन रिफाइंड, पाम तेल में गिरावट

सप्ताहांत खाद्य तेलों में खरीदी सुस्त होने से भाव गिरावट लिए रहे। कारोबार में मूंगफली तेलए सोयाबीन रिफाइंड व पाम तेल सस्ता होकर बिका। वहीं तिलहनों में लिवाली बताई गई। कारोबार की शुरूआत में मूंगफली तेल 1450 से 1470 रुपये प्रति किलोग्राम खुला जो शनिवार को 1380 से 1400 रुपये बिका। सोयाबीन रिफाइंड 1290 से 1300 रुपये पर खुलकर अंतिम दिन 1270 से 1280 रुपये प्रति 10 किलोग्राम बिका। पाम तेल 1210 से 1215 रुपये खुलकर 1205 से 1210 रुपये होकर बंद हुआ। तिलहन जिन्सों में घटबढ़ हुई। सोयाबीन 200 रुपये तथा सरसों 150 रुपये प्रति क्विंटल महंगी बिकी। कपास्या खली में भाव 75 रुपये ऊंचे बोले गए।

भारत के ड्रेगन फ्रूट का दुबई को निर्यात

नई दिल्ली। महाराष्ट्र में सांगली जिले के एक छोटे से गांव से रेशे और खनिज से भरपूर फल - ड्रेगन फ्रूट का दुबई को निर्यात किया गया है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि सांगली जिले के तादासर गांव के किसानों से यह फल खरीदे गये हैं। यह फल विशेष रुप से भारत में लगाया गया है। यह फल मूल रूप से मलेशिया, थाईलैंड, फिलिपीन्स, अमेरिका और वियतनाम में होता है।

मंत्रालय ने बताया कि इस फल को भारतीय नाम 'कमलम' दिया गया है। भारत में यह फल कर्नाटक, केरल बंगाल, आंध्र प्रदेश और अंडमान - निकोबार द्वीप समूह उगाया जा रहा है।

जानकारों का कहना है कि पश्चिम एशिया के देशों में इस फल की भारी मांग है। भारत इस मांग को पूरा करने में सक्षम है। इससे किसानों को लाभ मिलेगा और उनकी आय में इजाफा होगा।

तमिलनाडु प्रीमियर लीग जुलाई-अगस्त में

चेन्नई। तमिलनाडु प्रीमियर लीग का आयोजन जुलाई-अगस्त में किया जाएगा। 32 मैचों के इस टूर्नामेंट के सभी मुकाबले चेन्नई में दर्शकों के बिना खेले जाएंगे। लीग के आयोजक तमिलनाडु क्रिकेट संघ को इस टूर्नामेंट के लिए राज्य सरकार से अनुमति मिलने की पूरी उम्मीद है और वह लीग को अस्थायी रूप से 19 जुलाई से 15 अगस्त तक कराने की योजना बना रहा है।

तमिलनाडु प्रीमियर लीग के पांचवें संस्करण को पिछले वर्ष कोविड की आशंका के चलते कई अन्य टूर्नामेंटों की तरह रद्द कर दिया गया था। तमिलनाडु क्रिकेट संघ ने आठ टीमों के इस टूर्नामेंट के मैचों के आयोजन के लिए तिरुनेलवेली , डिंडीगुल , कोयम्बटूर और सालेम को चुना है लेकिन इन स्थलों पर अंतिम फैसला राज्य सरकार की सलाह के बाद अंतिम रूप से किया जाएगा।

तमिनाडु प्रीमियर लीग को फिर से शुरू करने का फैसला भारतीय क्रिकेट कन्ट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की सर्वोच्च परिषद के फैसले के बाद अप्रैल में लिया गया था जिसने राज्य संघों को अपनी लीग आयोजित करने की इस शर्त पर अनुमति दी थी कि वे इंडियन प्रीमियर लीग से टकराएंगी नहीं और बीसीसीआई के नियमों से बंधी रहेंगी।

सौराष्ट्र, कर्नाटक , मुंबई और तमिलनाडु संघों ने अनुमति मांगी थी लेकिन मुंबई क्रिकेट संघ ने महाराष्ट्र में कोविड-19 की दूसरी लहर के चलते टूर्नामेंट का आयोजन नहीं करने का फैसला किया जबकि सौराष्ट्र और कर्नाटक इकाईयों से तत्काल कोई जानकारी नहीं है।

शाहरुख खान ने शुरू की 'पठान' की शूटिंग, दीपिका पादुकोण भी आएंगी नजर

कोरोन संक्रमण की घटती रफ्तार के बीच मुंबई में एक बार फिर फिल्मों की शूटिंग शुरू हो गई है। अमिताभ बच्चन, अजय देवगन और अक्षय कुमार के बाद अब शाहरुख खान भी सेट पर लौट आए हैं। शाहरुख ने अपनी अपकमिंग जासूसी-थ्रिलर फिल्म 'पठान' की शूटिंग दोबारा शुरू कर दी है।

उनकी चमचमाती लग्जरी कार मुंबई में यशराज स्टूडियो के बाहर नजर आई। सिद्धार्थ आनंद के

डायरेक्शन में बन रही इस फिल्म में शाहरुख के साथ दीपिका पादुकोण की जोड़ी नजर आने वाली है।

'लॉकडाउन के बाद पठान फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है। कोरोना की दूसरी लहर के कारण शूट बंद था। फिल्म के लिए शाहरुख खान अब काफी इंटेंस शूट करने वाले हैं। हमने सुना है कि जॉन अब्राहम और दीपिका पादुकोण भी अगले कुछ दिनों में शूटिंग शुरू करने वाले हैं। फिल्म के एक बड़े हिस्से की शूटिंग इस शेड्यूल में की जाएगी, इससे बाद विदेशी लोकेशंस पर फिल्म के कई बड़े एक्शन सीन्स की शूटिंग होगी।'

'पठान' में शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण के साथ जॉन अब्राहम विलन के रोल में नजर आएंगे। इसके अलावा फिल्म में सलमान खान और कटरीना कैफ भी 'टाइगर' और 'जोया' के रूप में कैमियो रोल में नजर आएंगे। इससे पहले अप्रैल महीने में कोरोना के बढ़ते मामलों और लॉकडाउन के कारण फिल्म की शूटिंग रोक दी गई थी। जबकि वह महाराष्ट्र सरकार के नए दिशा-निर्देशों के मुताबिक, बायो-बबल में कम से कम क्रू मेंबर्स के साथ फिल्म की शूटिंग दोबारा शुरू हो गई है।

जैकी भगनानी के प्रोडक्शन की रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगी श्रद्धा कपूर

श्रद्धा कपूर बॉलीवुड में किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। वह मौजूदा दौर की सबसे व्यस्त अभिनेत्रियों में शामिल हैं। इस साल वह कई बड़ी फिल्मों को लेकर चर्चा में रही हैं। अब खबरों की मानें तो श्रद्धा के खाते में एक और फिल्म जुड़ गई है। बताया जा रहा है कि वह जैकी भगनानी के प्रोडक्शन के बैनर तले बनने वाली अगली फिल्म में नजर आ सकती हैं। यह एक रोमांटिक फिल्म होगी, जिसमें श्रद्धा मुख्य भूमिका में दिखेंगी।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि श्रद्धा ने भगनानी की आगामी फिल्म को साइन कर लिया है। खबरों की मानें तो श्रद्धा पिछले कई महीने से मेकर्स से बातचीत में लगी थी। अब उन्होंने फिल्म में काम करने के लिए अपनी सहमति दे दी है। फिल्म का निर्माण भगनानी की प्रोडक्शन कंपनी पूजा एंटरटेनमेंट करेगी। लव रंजन की अनटाइटल फिल्म और चालबाज इन लंदन के बाद यह श्रद्धा की एक और रोमांटिक फिल्म होगी।

सूत्र ने बताया कि श्रद्धा पिछले साल से कई फिल्मों पर भगनानी के साथ बातचीत में लगी थी, लेकिन योजना के हिसाब से काम

नहीं हो पाया था। बताया जा रहा है कि अब श्रद्धा को फिल्म की स्क्रिप्ट पसंद आई है। यदि सबकुछ प्लान के मुताबिक चला तो फिल्म की शूटिंग इस साल शुरू हो सकती है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह मुदस्सर अजीज की फिल्म हो सकती है, जिसे भगनानी बनाने में सहयोग करेंगे।

सूत्र ने कहा, फिल्म में श्रद्धा और राजकुमार राव फिर से स्क्रीन पर साथ दिखेंगे। यह एक कॉमेडी फिल्म होगी, लेकिन इसके जरिए हल्के-फुल्के अंदाज में एक मजबूत संदेश दिया जाएगा। श्रद्धा ने निश्चित रूप से भगनानी की फिल्म के लिए अपनी इच्छा जतायी है, लेकिन हम पूरे तौर पर आश्वस्त नहीं हो सकते। सूत्र ने बताया कि काफी समय से श्रद्धा और राजकुमार को साथ लेकर भगनानी एक प्रोजेक्ट पर काम करना चाहते थे।

मेरी सफलता का श्रेय सोशल एंटरटेनर्स को जाता है: आयुष्मान खुराना

अभिनेता आयुष्मान खुराना की डिमांड पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ी है। उन्होंने सिनेमाघरों में लगातार आठ हिट फिल्में दी हैं और एक ही समय में एक राष्ट्रीय पुरस्कार जीता है। आयुष्मान अपनी सफलता का श्रेय सोशल एंटरटेनर्स को देते हैं।

वह कहते हैं, आज मेरी जो भी इच्टिी है, वह मुख्य रूप से मेरे सामाजिक मनोरंजनकताओं की सफलता के कारण है, जिसने मुझे भारत के लोगों से जोड़ा है। इन फिल्मों ने लोगों को बताया है कि मैं कौन हूं, मैं कैसा सोचता हूं और एक मनोरंजनकर्ता के रूप में मेरा

इरादा क्या है।

आयुष्मान का कहना है कि वह भाग्यशाली रहे हैं कि उन्हें सही फिल्में मिलीं जो हिट रहीं। वह कहते हैं कि सफलता हमेशा इच्टिी में तब्दील होती है।

आयुष्मान का कहना, मैंने हमेशा अपने काम को बात करने देने में विश्वास किया है। मैं उन परियोजनाओं को चुनने के लिए भाग्यशाली रहा हूं जिन्होंने भारत में सिनेमा अद्वितीय, अव्यवस्था ब्रेकिंग, वातार्लाप शुरूआत करने वाले मनोरंजन में योगदान दिया है, जिसमें कहानियों को कैसे बताया गया है, इसके रूढ़िबद्ध मानदंडों का पालन करने की आवश्यकता नहीं है।

आयुष्मान की फिलहाल तीन फिल्में लाइन में हैं। वह चंडीगढ़ करे आशिकी, अनेक और डॉक्टर जी में नजर आएंगे।

कभी सिंगर थीं तारक मेहता का उल्टा चश्मा की बबीता जी 'मुनमुन दत्ता'

तारक मेहता का उल्टा चश्मा में मुनमुन दत्ता बीते 12 सालों से बबीता जी का अहम किरदार निभा रही हैं जिन्हें खूब पसंद किया जा रहा है. और वो भी दर्शकों को खूब मनोरंजन कर रही हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि बचपन में मुनमुन दत्ता सिंगर भी रह चुकी हैं और वो बाकायदा आकाशवाणी में गाती भी थीं वो भी बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट. धीरे धीरे मुनमुन दत्ता की दिलचस्पी मॉडलिंग और एक्टिंग में हो गई लिहाज़ा वो पुणे आ गई

और वहीं पर मॉडलिंग से जुड़े फैशन शोज़ में हिस्सा लेने लगीं. आखिरकार 2004 में उन्हें हम सब बाराती शो में काम करने का मौका मिला और इसी शो में दिलीप जोशी भी थे. तभी दोनों की पहली मुलाकात हुई. इस शो के चार साल बाद 2008 में तारक मेहता का उल्टा चश्मा की शुरुआत हुई तो दिलीप जोशी ने ही शो के मेकर्स को बबीता जी के रोल में मुनमुन दत्ता को लेने का आइडिया दिया था.

आज का राशिफल

मेष :- आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और लाभ की स्थिति रहेगी। नौकरी में तरक्की के योग हैं। कामकाज के उद्देश्य से प्रवास पर जा सकते हैं।

वृषभ :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यभार की अधिकता रहेगी, लेकिन परिश्रम से कार्य सफल होंगे।

मिथुन :- आज का दिन शुभ फलदायी रहेगी। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ मिलने के योग रहेंगे। परिजनों के साथ दिन अच्छा बीतेगी। कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

कर्क :- आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में धनलाभ की स्थिति रहेगी। हालांकि, कार्यभार की अधिकता रहेगी, लेकिन अपने प्रयासों से सभी कार्य सफल होंगे।

सिंह :- आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। सामाजिक कार्यों में रुझान बढ़ेगा, जिससे समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। वित्तीय सलाहकार से मदद लेना फायदेमंद साबित होगा।

कन्या :- आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में कठिन परिश्रम से आर्थिक लाभ की स्थिति रहेगी। राजनीतिक क्षेत्र में भी सफलता मिलेगी।

तुला :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में छोटी-छोटी परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक :- आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों की मदद से कार्यों में सफलता मिलेगी और आय के नए स्रोत बनेंगे।

धनु :- आज का सामान्य रहेगा। कारोबार में लाभ की स्थिति रहेगी, जिससे आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। रुका हुए कार्यों को गति मिलेगी।

मकर :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन कड़ी मेहनत से काम सफल होंगे। प्रॉपर्टी में निवेश फायदेमंद रहेगा।

कुम्भ :- आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यवसायिक क्षेत्र में आशा के अनुरूप लाभ मिलेगा। आर्थिक स्थिति पूर्व की अपेक्षा अधिक सुदृढ़ होगी।

मीन :- आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में लाभ की स्थिति रहेगी, लेकिन भागदौड़ की अधिकता रहने से अनावश्यक खर्च भी बढ़ेंगे।

घर पर बनाएं किमामी मावा सेवई

जरूरी नहीं कि किमामी सेवईयों को आप ईद और बकरीद जैसी मौकों पर ही बनाएं। जब भी दिल करे खाने का फटाफट से बनाएं और खाएं।

सामग्री :

200 ग्राम सेवई, 1 कप ड्राई फ्रूट्स कटे हुए (मखाना, काजू, बादाम, किशमिश और पिस्ता), 1 कप मावा, 3 टेबलस्पून घी, 1 ग्लास दूध, 8 धागे केसर, 4 इलायची, 2 लौंग, 2 कप या स्वादानुसार चीनी

विधि :

कड़ाही में एक टेबलस्पून घी पिघलाएं। इसमें सेवई को हल्की आंच पर भूनें। सेवई जब भूरी हो जाएं तो कड़ाही से निकालकर अलग रख लें। फिर उसी कड़ाही में दो टेबलस्पून घी डालने के बाद लौंग-इलायची डालें और अच्छी तरह चलाएं। इसके बाद मखाने भूनें। फिर बाकी बचे घी में काजू, बादाम और पिस्ता भूनें। अब दूध में केसर के धागे मिलाएं और उसे गैस पर उबलने के लिए रख दें। उबलते समय इसमें चीनी मिलाएं। जब चीनी घुल जाए तो इसमें मावा डालें और अच्छी तरह चलाएं। जब दूध और मावा एकसार हो जाएगा तो इसमें सेवई और बाकी सामग्री मिलाकर कर प्लेट से ढक दें। लगभग 7-8 मिनट तक हल्की आंच पर इसे पकने दें। फिर गैस बंद करें और 2-3 मिनट कर ड्राई होने दें। सेवई को एक प्लेट में निकालकर किशमिश से गार्निश करें।

शब्द सामर्थ्य- 123

बाएं से दाएं :

1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरैया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संस्था 26. हत्या, कत्ल.

ऊपर से नीचे

1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



शब्द सामर्थ्य क्रमांक122 का हल

स्वा	द	■	सा	म	ना	■	कै	दी
व	■	ख	ल	ना	य	क	■	वा
लं	प	ट	■	ना	क	क	ट	ना
बी	■	प	■	■	■	ड़ी	■	प
■	अ	ट	प	टा	■	■	शा	न
स	ह	■	यो	■	■	र	ति	■
ह	म	■	द	र	ब	द	र	■
म	क	र	■	सी	ल	■	■	■
त	■	क्षा	■	द	वा	खा	ना	■

सू-दोकू- 123

	7				1		3	
1		9				5		
			3				1	
		5						3
3					2		5	
				3				2
	4						7	
7		8		1		6		
	6		7		9			1

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.122 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6